**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–10.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल मंत्रिपरिषद के सदस्यों को दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ, आज केन्दीय कैबिनेट की होगी पहली बैठक।**
2. **कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी को कैबिनेट मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ को राज्यमंत्री बनाया गया।**
3. **झारखंड हाईकोर्ट में आज राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर होगी सुनवाई**
4. **मौसम विभाग ने गढ़वा और पलामू में लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया, राज्य के कई जिलों में भी हीट वेव चलने की चेतावनी।**
5. **न्यूयॉर्क में खेले गए टी–20 क्रिकेट विश्व कप में कल भारत ने पाकिस्तान को छह रन से हराया।**

**************************

श्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। कल शाम राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री मोदी और नई मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस समारोह में 30 कैबिनेट मंत्री, पांच राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार और छत्तीस राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, डॉ. एस जयशंकर, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, निर्मला सीतारामण और जगत प्रकाश नड्डा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। झारखंड के दो सांसद को मोदी कैबिनेट में जगह मिली है। कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है वहीं रांची के सांसद संजय सेठ को राज्यमंत्री बनाया गया है । भारत के पड़ोसी देशों के कई शीर्ष नेताओं ने भी शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ डी वाई चंद्रचूड़ और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कई गणमान्य व्यक्ति और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद थे।आज केन्द्रीय कैबिनेट की पहली बैठक होगी।

**************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत उनके तीसरे कार्यकाल में क्षेत्र की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करना जारी रखेगा। श्री मोदी ने क्षेत्र में लोगों के बीच प्रगाढ संबंध और संपर्क बढाने का आह्वान किया। उन्होंने कल रात राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह के बाद भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं से भेंट के दौरान यह बात कही। प्रधानमंत्री ने इन नेताओं को धन्यवाद देते हुए पड़ोसी प्रथम नीति और सागर दृष्टिकोण के प्रति भारत की वचनबद्धता दोहराई। श्री मोदी ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद करना जारी रखेगा। नवगठित केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक आज शाम को होने की संभावना है।

**************************

झारखंड से दो सांसदों को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिलने से प्रदेश भाजपा के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जश्न का माहौल है। कोडरमा से सांसद अन्नपूर्णा देवी के कैबिनेट मिनिस्टर के रूप में शपथ ग्रहण को लेकर कोडरमा में खासा उत्साह देखा गया। वही कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड जो हजारीबाग जिला में आता है यहां लोगों ने जुलूस निकाल एक–दूसरे को शुभकामना दी और क्षेत्र के विकास की उम्मीद जताई।

गिरिडीह में भी उत्सव का माहौल रहा। केन्द्र सरकार में रांची के सांसद संजय सेठ को राज्य मंत्री बनाए जाने पर रांची में भी समर्थकों ने जश्न मनाया।

***********************

गांडेय की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन आज शपथ ग्रहण करेंगी। उन्हें विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में शाम पांच बजे विधायक पद की शपथ दिलाई जाएगी।

***********************

देशभर में 1 जुलाई 2024 से कानून में तीन नए बड़े बदलाव हो रहे हैं, जिसे लेकर अधिवक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है।इसी कड़ी में सरायकेला खरसावां जिले में झारखंड लीगल एडवाइजरी एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन जलाड़ो द्वारा अधिवक्ताओं को नए कानून की जानकारी देते हुए उनके बीच निशुल्क नए कानून किताब का वितरण किया गया। आदित्यपुर स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कोल्हान प्रमंडल के पूर्व आयुक्त मोहनलाल राय उपस्थित हुए, इस दौरान सरायकेला समेत जमशेदपुर से जुटे अधिवक्ताओं को कानून में तीन नए हो रहे बदलाव भारतीय न्याय संहिता 2023,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

***********************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की जमानत याचिका पर आज झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई होगी। जस्टिस आर मुखोपाध्याय की अदालत में याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

***********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के एक पुराने डम्प से हथियारों का जखीरा बरामद किया है। टोंटो थाना क्षेत्र के रेंगड़ाहातु और तुंबाहाका के पास जंगल में छापेमारी में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि बरामद किए गए हथियारों में एलएमजी, एसएलआर, राइफल, मोर्टार भी शामिल है। इस अभियान में पश्चिमी सिंहभूम पुलिस के अलावा झारखंड जगुआर सीआरपीएफ 174 बटालियन और सीआरपीएफ 197 बटालियन के अधिकारी और जवान शामिल थे।

***********************

लोहरदगा जिला में मोटर दुर्घटना दावा वादों की विशेष लोक अदालत में पांच केस का निष्पादन और चालीस लाख रुपए का भुगतान किया गया । विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

***********************

राज्य के सभी प्रखंडो में 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों के लिए आज से 5 सितंबर तक निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सहयोग से सभी प्रखंडों में यह शिविर लगेगा। स्वास्थ्य जांच के बाद बच्चों को आवश्यकता के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा।

***********************

मौसम विज्ञान केन्द्र ने 12 जून तक राज्य के अलग अलग जिलों में हीट वेव को चलने का अनुमान किया है, इससे अधिकतम तापमान में एक से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग ने आज गढ़वा और पलामू में भीषण उष्ण वेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया जबकि राज्य के कई जिलों में भी हीट वेव चलने की चेतावनी दी है। कल पलामू सबसे गर्म रहा यहां का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

***********************

न्यूयॉर्क में टी–20 क्रिकेट विश्व कप में कल रोमांचक मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को छह रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की टीम 19 ओवर में एक सौ उन्नीस रन पर आउट हो गई। एक सौ बीस रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में केवल एक सौ तेरह रन ही बना पाई। बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

*****************************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने नरेन्द्र मोदी, राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी प्रमुख अखबारों ने मोदी कैबिनेट के शपथ ग्रहण की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

**हिन्दुस्तान लिखता है–** सरकार : तीसरी बार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और 71 मंत्रियों ने शपथ ली

**प्रभात खबर ने लिखा है – रांची के सांसद संजय सेठ बने राज्यमंत्री, अन्नपूर्णा ने ली कैबिनेट मंत्री की शपथ।**

**नेहरू के बाद अब मोदी की तीसरी पारी, दैनिक जागरण ने** इसे पहली सुर्खी बनाई है।

**दैनिक भाष्कर ने लिखा है– पहली बार 71 मंत्रियों के साथ मोदी सरकार की शुरुआत, 37 नए, टीडीपी –जदयू के 4 ही।**

**नीट में ग्रेस मार्क विवाद, जांच के लिए पैनल गठित, रांची एक्सप्रेस ने इस खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।**

**राष्ट्रीय नवीन मेल और अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स तथा टाइम्स ऑफ इंडिया ने** भी शपथ ग्रहण की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*********समाप्त******************